Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding payment of dues to sugar mill workers.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज स्थित सासामुसा चीनी मिल के मालिक पिछले कई महीनों से मिल को बंद करके स्वयं फरार है। फैक्ट्री के बंद होने से लाखों किसानों के करोड़ों रुपये बकाया हैं। किसानों के परिवार कंगाल हो चुके हैं। कर्ज ले कर गन्ने की खेती करने वाले हमारे क्षेत्र के किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है, जिसके कारण हमारे किसान भाइयों के बच्चों की शादी-ब्याह एवं रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पा रही है। अत: महोदय, आपके माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि किसानों का बकाया पैसा दिलवाने एवं मिल पुन: चालू कराने की कृपा की जाए।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Dr. Alok Kumar Suman.